प्रादेशिक समाचार
दिनांक–14.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सभी राज्यों के मुख्य सचिवों के दो दिवसीय सम्मेलन के समापन सत्र को करेंगे संबोधित।
2. प्रदेश भाजपा ने राज्य सरकार पर साधा निशाना, कहा–हेमन्त सरकार में जंगल राज की हो रही वापसी, झामुमो ने केंद्र पर वन नेशन वन इलेक्शन के जरिये क्षेत्रीय दलों की शक्तियों को खत्म करने की साजिश रचने का लगाया आरोप।
3. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा–रिम्स के नये भवन के साथ एक हज़ार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाएंगे, कृषि, शिक्षा और श्रम मंत्री ने भी अधिकारियों को विकास कार्यों में गति लाने के दिए निर्देश।
4. राज्य सरकार ने जारी किया सिटीजन चार्टर, जाति तथा स्थानीय प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अनुमंडल स्तर पर 30 तथा जिला स्तर पर 15 दिन की समय सीमा निर्धारित।
5. मौसम विभाग ने धनबाद, बोकारो और रामगढ़ सहित राज्य के कई हिस्सों में आज से कोल्ड वेव चलने की जारी की चेतावनी, रांची के कांके का पारा चार डिग्री सेल्सियस पहुंचा।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्लीं में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य सहकारी संघवाद पर ध्यान केंद्रित करते हुए केंद्र और राज्यों के बीच साझेदारी को और मजबूत करना और तेज वृद्धि और विकास हासिल करने के लिए बेहतर सहयोग सुनिश्चित करना है। मुख्य सचिवों का पहला सम्मेलन जून 2022 में धर्मशाला में आयोजित किया गया था। इसके बाद, दूसरा सम्मेलन जनवरी 2023 में दिल्ली में और तीसरा सम्मेलन भी दिल्ली में पिछले वर्ष दिसंबर में हुआ था। इस सम्मेलन में झारखंड का प्रतिनिधित्व मुख्य सचिव अलका तिवारी कर रही हैं।

******************

प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर रविंद्र कुमार राय ने पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम में उग्रवादी घटनाओं को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है । उन्होंने कहा कि राज्य में विधि –व्यवस्था चरमरा चुकी है और जंगल राज कायम है।

उधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन के जरिए क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की शक्तियों को समाप्त करने की साजिश रची जा रही है।

******************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा है कि एक हज़ार करोड़ रुपए की लागत से रिम्स के नये भवन का निर्माण होगा। वहीं, एक हज़ार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी बनाए जाएंगे। श्री अंसारी ने विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कहा कि सभी सदर अस्पतालों में मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर बनाए जाएंगे तथा एमआरआई और सीटी स्कैन मशीन एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध करा दी जाएगी। इसके साथ अस्पतालों में शाम में भी ओपीडी सेवाएं संचालित होगी ताकि राज्य के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके।

******************

उधर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने वरीय अधिकारियों को सप्ताह में दो दिन क्षेत्र भ्रमण करने का निर्देश दिया है। विभाग की समीक्षा बैठक करते हुए उन्होंने ग्रामीण हाट बाजारों और पशु बाजार को बढ़ावा देने की बात कही।

उधर, स्कूली शिक्षा और साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन ने जमशेदपुर में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें कई अहम निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि राज्य में बावन हजार शिक्षकों को नियुक्ति जल्द होगी।

राज्य के श्रम और उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कहा है कि मजदूरों का कल्याण और उद्योग धंधों का विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

*****************

राज्य सरकार ने सिटीजन चार्टर जारी कर जाति तथा स्थानीय प्रमाण पत्र जारी करने की समय सीमा निर्धारित कर दी है। इसके तहत जिला स्तर पर इन दोनों प्रमाण पत्रों को जारी करने की समय अवधि पन्द्रह दिन और अनुमंडल स्तर पर तीस दिन तय की गई है। इसके साथ जिला स्तर पर जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए उपायुक्त को अधिकृत किया गया है। उपायुक्त के स्तर पर जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं होने पर प्रमंडलीय आयुक्त के कार्यालय में 15 दिनों के अंदर अपील की जा सकती है।

*****************

दुमका जिला के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आधुनिक औऱ बेहतर स्वास्थय सुविधाएं उपलब्ध कराने की कार्ययोजना तैयार की गई है ।

*****************

धनबाद जिला पुलिस ने सरायढेला थाना क्षेत्र से तीन साइबर अपराधियों को दस मोबाइल फोन और छह सिम कार्ड के साथ गिरफ्तार कर लिया। साइबर अपराधियों का यह गिरोह ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करता था।

*****************

मौसम विभाग ने धनबाद, बोकारो और रामगढ़ सहित राज्य के कई हिस्सों में आज से कोल्ड वेव चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान कई जिलों का न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस और गिर सकता है। जबकि, सवेरे और शाम में कोहरा छाया रहने के साथ कनकनी और बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान 10 जिलों का न्यूनतम पारा 10 डिग्री सेल्सियस से कम रिकॉर्ड किया गया। चार डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ रांची का कांके सबसे ठंडा इलाका रहा।

*****************

और अब कुछ सक्षिप्त खबरें

- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से प्रधान महालेखाकार, अंकेक्षण इंदू अग्रवाल ने मुलाकात कर राज्य के विभिन्न लोक उपक्रमों के अंकेक्षण से जुड़ी जानकारी दी।
- पुलिस मुख्यालय ने विभिन्न जिलों में पदस्थापित लगभग चार सौ सहायक पुलिस निरीक्षकों के तबादले की अधिसूचना जारी कर दी है।
- पाकुड़ जिला के महेशपुर थाना क्षेत्र में बालू लदे ट्रैक्टर ने एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दो युवकों की मौत हो गई।
- रांची में 16वीं झारखंड स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप की कल शुरुआत हुई। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में राज्य भर के 150 से ज्यादा प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

*****************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने संसद में हंगामा और राज्य के विभिन्न मंत्रियों की समीक्षा बैठक से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– मंईयां के लाभुकों की संख्या पंद्रह दिनों में पांच लाख बढ़ गई।

दैनिक भास्कर ने लिखा है—संतावन पर्यटक स्थल विकसित होने थे, तीन साल में एक ईंट तक नहीं जुड़ी।

हिन्दुस्तान ने लिखा है सभी सरकारी अस्पतालों में अब सुबह शाम ओपीडी।

दैनिक जागरण के शब्द हैं—एक हजार करोड़ रुपये की लागत से बनेगा रिम्स टू, बनेंगे एक हजार नये पीएचसी।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने संसद में संविधान पर चर्चा से जुड़ी खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।

*****************